# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 22-10.25 | 5 | 6-8 |

## दीपोत्सव का यह पर्व हर हाथ में नई ऊर्जा, आशा और समृद्धि का संदेश लेकर आता है : प्रो. काम्बोज

हिसार, 21 अक्तूबर (विरेन्द्र वर्मा):चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में दीपावली की पूर्व संध्या पर उत्सव एवं लक्ष्मी पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। फैकल्टी क्लब के सौजन्य से फैकल्टी क्लब परिसर में आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. काम्बोज ने अपने सम्बोधन में कहा कि यह पांचो दिवस भारतीय संस्कृति की समृद्ध परंपरा, पारिवारिक एकता और सामाजिक सौहार्द के प्रतीक हैं। दीपोत्सव का यह पर्व हर हाथ में नई ऊर्जा, आशा और समृद्धि का संदेश लेकर आता है। उन्होंने बताया कि देशभर में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पारंपरिक उत्साह और श्रद्धा के साथ पांच दिवसीय दीपोत्सव पर्व मनाया जा रहा है। यह पर्व धनतेरस, चतुर्दशी, दीपावली, गोवर्धन पूजा और भैया दूज के रूप में पांचो दिन तक मनाया जाता है। कुलपति ने बताया कि दीपोत्सव की शुरुआत धनतेरस से होती है जब लोग भगवान धन्वंतरि की पूजा कर आरोग्य और समृद्धि की कामना करते हैं। इस दिन सोना-चांदी और बर्तन खरीदने की परंपरा शुभ मानी जाती है। इसके बाद चतुर्दशी के दिन भगवान कृष्ण द्वारा नरकासुर के वध की स्मृति में दीप जलाए जाते हैं, जिसे छोटी दीपावली भी कहा जाता है। तीसरे दिन दीपावली यथार्थ मुख्य उत्सव पूरे भारत में प्रकाश और आनंद के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। इस दिन लोग घरों में दीप जलाकर भगवान श्री राम की अयोध्या आगमन और मां लक्ष्मी की पूजा करते हैं। दीपावली की रात्रि लक्ष्मी पूजन मिठाइयों के वितरण और पटाखे की रोशनी आलोकित रहती है। चौथे दिन गोवर्धन पूजा के अवसर पर भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना की जाती है और अन्नकूट का आयोजन होता है। यह पर्व प्रकृति, गौ- सेवा और अन्न उत्पादन के महत्व को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि अंतिम दिन भैया दूज का पर्व मनाया जाता है जो भाई- बहन के प्रेम का प्रतीक है। इस दिन बहनें अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी दीर्घायु की कामना करती हैं। फैकल्टी क्लब के सचिव डॉ अशोक गोदारा ने स्वागत किया एवं संयुक्त सचिव डॉ. संदीप आर्य ने कार्यक्रम में सभी का धन्यवाद किया। इस अवसर पर कुलसचिव सहित विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष,अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षक और गैर शिक्षक कर्मचारी उपस्थित रहे।



दीपावली की पूर्व संध्या पर उत्सव एवं लक्ष्मी पूजन कार्यक्रम की शुरुआत करते कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 22-10-25 | 3 | 1-3 |

• पर्व हर हाथ में नई ऊर्जा, आशा और समृद्धि का संदेश लाता है : वीसी

## एचएयू में दीपावली पर लक्ष्मी पूजन किया

भास्कर न्यूज | हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में दीपावली की पूर्व संध्या पर उत्सव एवं लक्ष्मी पूजन कार्यक्रम किया गया। फैकल्टी क्लब के सौजन्य से आयोजित कार्यक्रम में कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे।

कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा कि यह पांचों दिवस भारतीय संस्कृति की समृद्ध परंपरा, पारिवारिक एकता और सामाजिक सौहार्द के प्रतीक हैं। दीपोत्सव का यह पर्व हर हाथ में नई ऊर्जा, आशा और समृद्धि का संदेश लेकर आता है। देशभर में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी पारंपरिक उत्साह और श्रद्धा के साथ पांच दिवसीय दीपोत्सव पर्व मनाया जा रहा है। यह पर्व धनतेरस, चतुर्दशी, दीपावली, गोवर्धन पूजा और भैया दूज के रूप में पांचों दिन तक मनाया जाता है।



एचएयू में लक्ष्मी पूजन कार्यक्रम में उपस्थित कुलपति प्रो. काम्बोज व अन्य।

कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि दीपोत्सव की शुरुआत धनतेरस से होती है जब लोग भगवान धन्वंतरि की पूजा कर आरोग्य और समृद्धि की कामना करते हैं। इसके बाद चतुर्दशी के दिन भगवान कृष्ण द्वारा नरकासुर के वध की स्मृति में दीप जलाए जाते हैं, जिसे छोटी दीपावली भी कहा जाता है। तीसरे दिन दीपावली यथार्थ मुख्य उत्सव पूरे भारत में प्रकाश और आनंद के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। इस दिन लोग घरों में दीप जलाकर भगवान श्रीराम की अयोध्या आगमन और मां लक्ष्मी की पूजा करते हैं। चौथे दिन गोवर्धन पूजा पर भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना की जाती है और अन्नकूट का आयोजन होता है। अंतिम दिन भैया दूज का पर्व मनाया जाता है। जो भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक है। फैकल्टी क्लब के सचिव डॉ. अशोक गोदारा ने स्वागत किया एवं संयुक्त सचिव डॉ. संदीप आर्य ने सभी का धन्यवाद किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| चिराग टाइम्स | 21.10.2025 | -- | -- |

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में दीपावली की पूर्व संध्या पर उत्सव एवं लक्ष्मी पूजन कार्यक्रम आयोजित

## दीपोत्सव का यह पर्व हर हाथ में नई ऊर्जा, आशा और समृद्धि का संदेश लेकर आता है : प्रो. काम्बोज




चिराग टाइम्स न्यूज

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में दीपावली की पूर्व संध्या पर उत्सव एवं लक्ष्मी पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। फैकल्टी क्लब के सौजन्य से फैकल्टी क्लब परिसर में आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे।

कुलपति प्रो. काम्बोज ने अपने सम्बोधन में कहा कि यह पांचो दिवस भारतीय संस्कृति की समृद्ध परंपरा, पारिवारिक एकता और सामाजिक सौहार्द के प्रतीक हैं। दीपोत्सव का यह पर्व हर हाथ में नई ऊर्जा, आशा और समृद्धि का संदेश लेकर आता है। उन्होंने बताया कि देशभर में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पारंपरिक उत्साह और श्रद्धा के साथ पांच दिवसीय दीपोत्सव पर्व मनाया जा रहा है। यह पर्व धनतेरस, चतुर्दशी, दीपावली, गोवर्धन पूजा और भैया दूज के रूप में पांचो दिन तक मनाया जाता है।

कुलपति ने बताया कि दीपोत्सव की शुरुआत धनतेरस से होती है जब लोग भगवान धन्वंतरि की पूजा कर आरोग्य और समृद्धि की कामना करते हैं। इस दिन सोना-चांदी और बर्तन खरीदने की परंपरा शुभ मानी जाती है। इसके बाद चतुर्दशी के दिन भगवान कृष्ण द्वारा नरकासुर के वध की स्मृति में दीप जलाए जाते हैं, जिसे छोटी दीपावली भी कहा जाता है। तीसरे दिन दीपावली यथार्थ मुख्य उत्सव पूरे भारत में प्रकाश और आनंद के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। इस दिन लोग घरों में दीप जलाकर भगवान श्री राम की अयोध्या आगमन और मां लक्ष्मी की पूजा करते हैं। दीपावली की रात्रि लक्ष्मी पूजन मिठाइयों के वितरण और पटाखे की रोशनी आलोकित रहती है।

चौथे दिन गोवर्धन पूजा के अवसर पर भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना की जाती है और अन्नकूट का आयोजन होता है। यह पर्व प्रकृति, गौ- सेवा और अन्न उत्पादन के महत्व को दर्शाता है।

उन्होंने बताया कि अंतिम दिन भैया दूज का पर्व मनाया जाता है जो भाई- बहन के प्रेम का प्रतीक है। इस दिन बहनें अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी दीर्घायु की कामना करती हैं।

फैकल्टी क्लब के सचिव डॉ अशोक गोदारा ने स्वागत किया एवं संयुक्त सचिव डॉ. संदीप आर्य ने कार्यक्रम में सभी का धन्यवाद किया। इस अवसर पर कुलसचिव सहित विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष,अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षक और गैर शिक्षक कर्मचारी उपस्थित रहे